राष्ट्रीय लोक अदालत बैंच के समक्ष
स्थान—कार्यालय सहायक कलेक्ट्रेट, मुख्यालय—टोंक

अध्यक्ष :— श्री पारस कुमार जैन (सेवानिवृत न्यायिक अधिकारी)
सदस्य :— श्रीमती शिप्रा जैन सहायक कलेक्टर, मुख्यालय—टोंक
याची/वादी/परिवादी :—श्योजी पुत्र धन्ना व गोपाल पुत्र धन्ना जाति बैरवा निवासी ग्राम कुराड़ तह0 मालपुरा जिला टोंक
प्रतिवादी/प्रत्यार्थी—: न्यायालय तहसीलदार मालपुरा.

न्यायालय अतिरिक्त जिला कलेक्टर टोंक की पत्रावली संख्या :— 1/2022

उपस्थित :— श्री रामअवतार सोनी अभिभाषक अपीलान्ट
श्री सै0 मजहर आलम पेरोकार सरकार

अधिनिर्णय

दिनांक 12.03.2022

पक्षकारों के बीच विवाद राष्ट्रीय लोक अदालत के अवधारणा के लिए निर्दिष्ट किया गया है और पक्षकारों ने मामले पर समझौता कर लिया है, परिनिर्धारण के निबंधनों के अनुसार निम्नलिखित अधिनिर्णय पारित किया गया है :—

अपील का संक्षिप्त में सार इस प्रकार है कि अधिनस्थत न्यायालय तहसीलदार, मालपुरा ने अपने निर्णय दिनांक 03.09.2021 के द्वारा अपीलांट को राजकीय भूमि खसरा नम्बर 1057/1 कुल रकबा 1 बीघा 10 बिस्वा किस्म बारानी—3 वाके ग्राम कुराड़ तहसील मालपुरा में राजकीय भूमि पर पश्चातवर्ती अतिक्रमण मानते हुए भूमि से बेदखल करने, 100 रूपये पेनल्टी कायम कर 90 दिवस के सिविल कारावास की सजा से दण्डित किया गया है।

अपीलांट ने अतिक्रमित भूमि पर कब्जा नहीं होने कब्जा छोडने व भविष्य में भूमि पर कब्जा नहीं करने का शपथ—पत्र पेश किया है।परोकार सरकार भी सहमत है कि यदि वादी ऐसा करता है तो सजा माफ किया जावे। अतः राष्ट्रीय लोक अदालत की भावना का मध्यनजर रखते हुए अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार कर तहसीलदार—मालपुरा द्वारा पारित निर्णय दिनांक 01.12.2021 से अपीलांट को दी गई सिविल कारावास की सजा अपास्त की जाती है, शेष निर्णय यथावत रहेंगा। यदि भविष्य में पुनः अतिक्रमण करता है तो उसके लिए भू—राजस्व अधिनियम के साथ भारतीय दण्ड संहिता में भी मुकदमा दर्ज करवाया जा सकेगा।

सदस्य
शिप्रा जैन
सदस्य
लोक अदालत
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
टोंक (राज0)

12/3/2022
अध्यक्ष
पारस कुमार जैन
अध्यक्ष
लोक अदालत
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
टोंक (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2022.05.16 16:44:46 IST
Reason: SelfAttested